कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई

क/एफ–166/स्टे.आयु./2023/4971 भिलाई, दिनांक 12/09/23

//आदेश//

कार्यालय, कलेक्टर जिला – दुर्ग में प्रति सोमवार को होने वाले जनचौपाल में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र से संबंधित प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक निराकरण करने के लिये सर्व जोन आयुक्त/ विभाग प्रमुख को प्रति सप्ताह सोमवार तक कर लेने के निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा दिये हैं । प्रति कार्यालयीन दिवस में किस जोन/विभाग का कितने आवेदन निराकरण के लिये लंबित है उसकी जानकारी भिलाई नगर निगम वाट्सग्रुप एवं जोन के ग्रुप में Post / Send किया जाता है किन्तु जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का एवं सारथी पोर्टल से प्राप्त आवेदनों का निराकरण शतप्रतिशत् करने जोन आयुक्त/ विभाग प्रमुख द्वारा रूचि नहीं लिया जाता है जिसके कारण जिला कार्यालय के पोर्टल में नगर पालिक निगम, भिलाई के लंबित आवेदनों की संख्या अधिक होती है। यह स्थिति अच्छी नहीं है । समस्त जोन आयुक्त /विभाग प्रमुख जनचौपाल, सारथी एवं अन्य पोर्टल से प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक त्वरित निराकरण किया जावे । निराकरण की स्थिति की समीक्षा प्रति सोमवार को निगम सभागार में सायं 5:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जायेगा। किसी भी जोन/विभाग प्रमुख का एक सप्ताह से अधिक समय तक के आवेदन लंबित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

अपर आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क/एफ–166/स्टे.आयु./2023/4972 भिलाई, दिनांक 12/09/23

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. सर्व अधीक्षण अभियंता,.................... नगर पालिक निगम,भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त I/II. नगर पालिक निगम,भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त /कार्यपालन अभियंता,जोन–1,2,3,4 एवं 5/जलकार्य/ स्वास्थ्य /कम्प्युटर/ विद्युत/ भवन संधारण/ स्टोर, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम भिलाई को निगम के वेवसाईट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।
6. सर्व संबंधित श्री/विभाग प्रमुख .... नगर पालिक निगम,भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7. अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

अपर आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

3